
SEPTEMBER

VOL. 2 | ISSUE 05

# Youth Voice

यंग इंडिया की आवाज़




An Organ of RYA

# YOUTH VOICE
New series
Vol. 2 Issue No. 05
SEPTEMBER 2024

## CONTENTS

Editorial 1

बिहार में स्मार्ट मीटर के खिलाफ, 200 यूनिट मुफ्त बिजली की मांग पर जोरदार आंदोलन 3

टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टॉकटाइम और डाटा रिचार्ज में बढ़ोतरी के खिलाफ बिहार में आरवाईए ने किया राज्यव्यापी प्रदर्शन 4

Obituary 5

नौजवानों के सामने चुनौतियाँ और मार्क्सवाद विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला 6

भगत सिंह के सपनों का देश बनाने के संकल्प के साथ "युवा दावेदारी मार्च" में नौजवानों की उत्साहजनक भागीदारी 8

**Editor-in-chief**
Niraj Kumar

**Editor**
Saba Parveen

**Editorial Board**
Sunil Maurya
Subhdeep
Montu Rajwar
Dnayneshwari
Watan

**Art & Design**
Neha
Akhilesh Raj

# EDITORIAL

***'A radical change, therefore, is necessary and it is the duty of those who realize this to reorganize society on a socialistic basis. Unless this thing is done and exploitation of man by man and nation by nation is brought to an end, sufferings and carnage with which humanity is threatened cannot be prevented…'***

**- Statement of Bhagat Singh and B.K. Dutt in the Court on June 6, 1929 in the Assembly Bomb Case**

IN the name of 'nationalism', the Modi government and the Sangh Parivar have declared a veritable war on premier educational institutions like JNU and the Hyderabad Central University. They accuse these and every other institution that values debate, dissent and democracy of being 'anti-national dens'. They have begun to charge citizens who refuse to sing the Sanghi tune with 'sedition', turning the whole country into an open jail. In the name of nationalism, we are thus being pushed back to the unfreedom and injustice of the colonial era.

What could be a bigger irony of history? Nationalism in India took shape in the course of the great national awakening and assertion for freedom from the British colonial rule. The RSS considered it a waste of energy – leaders of Hindu Mahasabha and RSS spent their time praising the British and, if ever put in jail, begging for mercy and serving as police informers. The anti-imerialist anti-colonial nationalism of Bhagat Singh and freedom-fighters of other ideological shades advocated communal harmony and secularism, cherished diversity and pluralism, celebrated the mosaic that is India. In stark contrast, the RSS and Hindu Mahasabha advocated 'cultural nationalism' – which was nothing but 'majority communalism' or 'communal majoritarianism' – which viewed Indian Muslims, not British colonialists, as the enemy, degrading minorities as second-class citizens who could live in India either by embracing Hindu culture or as 'guests' without rights accruing to the Indian citizenry!

The freedom movement unfurled the banner of democracy in India. In the preamble to the Constitution, the Indian people proclaimed India as a sovereign democratic republic (the words secular and socialist were admittedly inserted later, but were very much rooted in the spirit of the Constitution before any of the amendments came in) and firmly upheld the notions of 'JUSTICE, social, economic and political', 'LIBERTY of thought, expression, belief, faith and worship' and 'EQUALITY of status and of opportunity' as pillars of this democracy. The RSS, at the other end of the spectrum, wanted the Manusmriti, the charter of slavery inflicted on shudras, dalits and women in the Brahminical order, to be adopted as India's constitution and when that did not happen, they began describing Ambedkar as the modern Manu of India!

Bhagat Singh and his comrades who shone as ever glowing stars on the firmament of every freedom fighter's dream of a free India wanted India to march on towards a state of freedom where exploitation of man by man and nation by nation – the defining features of imperialism – will become a thing of the past. The Savarkars and Golwalkars stood diametrically opposed to this vision; they




drew their inspiration from Mussolini and Hitler, their models were fascist Italy and Nazi Germany. Today in power, their inheritors are bartering away India's natural resources and hard won sovereignty to global capital and the military might of US imperialism. The quest for self-reliance and independent foreign policy has been sacrificed at the altar of FDI worship in the guise of 'Make in India' and the role of junior partner in a US-led global military alliance.

It is to divert people's attention away from this naked collaboration with British colonialism then and US imperialism and other advanced capitalist countries now, that the RSS-BJP-ABVP whip up the bogey of 'cultural nationalism' so that the minorities and every dissenting voice are portraryed as 'the enemy of the nation' and US imperialism is presented as the best friend and biggest benefactor of India.

The fight for economic rights and constitutional liberties for common Indian citizens today therefore has grown into the real patriotic battle for saving India from the corporate-communal clutches of the Modi government, from the fascist project and ideological-political tyranny of the RSS and its communal cohorts and siblings. And in this battle, it is utmost important to resurrect the dreams and ideas of Bhagat Singh and Bhimrao Ambedkar, two of the greatest twentieth century fighters and visionaries of equality andemocracy who had risen from the Indian soil.

We must hold high the banner of Bhagat Singh's patriotism that calls for an end to imperialism, the banner of Ambedkar's democracy that calls for annihilation of castes. The saffron rulers are desperate to distort and appropriate Bhagat Singh and Ambedkar as their icons; and all over the country, students and teachers and enlightened citizens who are spreading the ideas of Bhagat Singh and Ambedkar are being attacked by the state and the goon squads of the RSS.

We must therefore spread the messages of Bhagat Singh and Ambedkar with renewed vigour and intensify the battle for democracy braving every repression and defying every assault of the Sangh brigade. Comrades of All India Students' Association and Ryvolutionary Youth Association have decided to launch a countrywide "Utho Mere Desh" (Arise, My Country) campaign to carry the messages and spread the ideas of Bhagat Singh and Dr. Ambedkar to every nook and corner of India. Comrades Arindam Sen and Kavita Krishnan have compiled some key ideas of Bhagat Singh and Ambedkar in this booklet which we hope will serve as a useful handbook to combat the disinformation campaign of the Sangh brigade and encourage us to fight and win this crucial battle with all our courage and strength, energy and determination.

# बिहार में स्मार्ट मीटर के खिलाफ, 200 यूनिट मुफ्त बिजली की मांग पर जोरदार आंदोलन

**वतन कुमार**




बिहार में बिजली के स्मार्ट मीटर के खिलाफ और 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मांग को लेकर इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के आह्वान पर 12 सितंबर को राज्यभर में जोरदार आंदोलन हुआ। इस आंदोलन में अलग-अलग जिलों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिसमें नौजवानो के अलावे किसान, मजदूर, महिलाएं और आम नागरिकों ने भी बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।

बिहार के लगभग सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में बड़े पैमाने पर बिजली कंपनी के दफ्तरों पर विरोध प्रदर्शन किए गए एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा गया आंदोलन का मुख्य मांग बिजली दरों में बढ़ोतरी को रोकने, स्मार्ट मीटर हटाने और हर परिवार को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने, पंचायत और वार्ड स्तर पर कैंप लगाकर शिकायतों का निवारण करने, जर्जर तार ट्रांसफार्मर और बिजली के खम्भो का समय-समय पर मेंटेनेंस करने सहित अन्य मांगे शामिल थी.

प्रदर्शन के दौरान आरवाईए नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर के के कारण लोगों के बिजली के बिल अचानक से बढ़ गए हैं और यह बिना उचित जांच-पड़ताल के हो रहा है। स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी की वजह से कई उपभोक्ताओं को ऐसी खपत दिखा दी जाती है, जो वास्तव में उन्होंने की ही नहीं होती। इससे न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग प्रभावित हो रहा है, बल्कि यह मध्यम वर्ग के लोगों को भी मुश्किलों में डाल रहा है.

इसके अलावा, सरकार और बिजली कंपनियां स्मार्ट मीटर के फायदे गिनाने में लगी हैं, लेकिन इनसे होने वाली समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब जनता पर अचानक से अत्यधिक बिजली के बिल थोपे जाते हैं, तो यह केवल एक आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि यह उनके जीवनयापन पर एक गंभीर संकट पैदा कर दि
या है.

बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य होने के बावजूद यहां अन्य विकसित राज्यों के तुलना में बिजली दर बहुत महंगा है. इतनी महंगी बिजली दर का भुगतान करने के बाद भी लोगों को नियमित रूप से 24 घंटे बिजली नहीं मिलती. जरा सी हवा और बारिश आने पर कई दिनों तक बिजली गायब रहती है।

बिहार के गरीब- गुरबे इतनी महंगी बिजली बिल चुकाने के स्थिति में नहीं है. खुद बिहार सरकार के 2024 के जनगणना की रिपोर्ट है की बिहार में 95 लाख यानी 35% परिवार की मासिक आय 6000 रुपए से भी कम है ऐसी स्थिति में लोग इतना महंगी बिजली और फर्जी बिल का भुगतान कैसे करेंगे? भुगतान न कर पाने की स्थिति में बिजली कंपनी विभिन्न तरीके से इन्हें प्रताड़ित करती है, कनेक्शन काट दिया जाता है, कई गुना ब्याज लगा दिया जाता है, इससे भी मन नहीं भरता तो मुकदमा भी दर्ज किया जाता है। बिजली कंपनियों के द्वारा जनता के साथ हो रहे इस अन्याय पर बिहार की नीतीश - मोदी सरकार मौन धारण कर इस लूट की हिस्सेदार बनी हुई है जो घोर निंदनीय है।

इसलिए आरवाईए दिल्ली, पंजाब, कर्नाटक, झारखंड जैसे राज्यों की तर्ज पर हर परिवार को प्रति माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाने की मांग कर रही है और पूरी तरह से न्यायसंगत मांग है क्योंकि यह हमारे प्रदेश के गरीब और मजदूर वर्ग को राहत देगा। आज जब महंगाई बढ़ती जा रही है, पेट्रोल, डीजल, और खाद्य पदार्थों की कीमतें आसमान छू रही हैं, ऐसे में सरकार का यह दायित्व बनता है कि वह जनता को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करे।

क्योंकि आज बिजली हमारे जीवन का एक अनिवार्य अंग बन चुकी है। चाहे वह हमारे घरों में रोशनी करने के लिए हो, बच्चों की पढ़ाई के लिए, या हमारे छोटे-मोटे कामधंधों के लिए—हर जगह बिजली की आवश्यकता होती है। आरवाईए के प्रमुख नेताओं ने बताया कि इस आंदोलन के बाद बिहार के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों द्वारा स्मार्ट मीटर के खिलाफ स्वतः स्फूर्त रूप से आंदोलन शुरू कर दिया गया है बिहार के कई हिस्सों में स्मार्ट मीटर और बिजली बिलों के बढ़ते बोझ के खिलाफ जनता आवाज उठा रही है और आरवाईए इस सवाल पर मजबूती के साथ लड़ रहा है। हमारा संगठन तब तक आंदोलन जारी रखेगा जब तक स्मार्ट मीटर की बाध्यता समाप्त कर सभी लोगों के लिए 200 यूनिट बिजली मुफ़्त करने की घोषणा ना कर दी जाय.

# टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टॉकटाइम और डाटा रिचार्ज में बढ़ोतरी के खिलाफ बिहार में आरवाईए ने किया राज्यव्यापी प्रदर्शन




टेलीकॉम कंपनियों द्वारा टॉकटाइम और डाटा रिचार्ज की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी के विरोध में इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने एक बड़ा राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन 18 सितंबर को आयोजित किया। प्रदर्शन मुख्य रूप से JIO स्टोर के सामने हुआ, जहां सैकड़ों की संख्या में युवा और कार्यकर्ता एकत्र हुए और अपनी मांगों को बुलंद किया। इस विरोध के माध्यम से उन्होंने कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी को एक ज्ञापन भी भेजा, जिसमें टेलीकॉम सेवाओं की महंगाई के खिलाफ छात्र - नौजवानो की परेशानी को रेखांकित किया गया.

साथ ही टेलीकॉम कंपनियों द्वारा बार-बार किए जा रहे टैरिफ में बढ़ोतरी को वापस लेने, सस्ते मोबाइल/डेटा प्लान की तत्काल घोषणा करने, बंद सेवाएं को बहाल करने, 28 दिन के बदले 30–31 तक प्लान की वैधता देने, एवं TRAI के सेवा मानकों का सख्ती से पालन करने जैसी मांगे उठाई गई.

अरवाईए नेताओं ने कहा की रिलायंस ग्रुप की जियो ने अन्य टेलीकॉम कंपनियों के साथ मिलकर बाजार में अपनी मोनोपोली स्थापित करने के बाद कीमतों में अत्यधिक वृद्धि की है, जिससे आम जनता और खासकर छात्रों, मजदूरों और निम्न आय वर्ग के लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। टेलीकॉम कंपनियों द्वारा अचानक बढ़ाए गए दाम, जो सीधा आम आदमी की जेब पर असर डाला है। इन कंपनियों ने मनमाने ढंग से अपने टैरिफ और डाटा पैक के दाम बढ़ा दिए, जिससे हमारे देश के करोड़ों उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

टेलीकॉम सेवाएं अब केवल मनोरंजन की चीज़ नहीं रहीं, बल्कि यह एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। चाहे किसी किसान की बात हो, जन वितरण प्रणाली सहित अन्य सरकारी लाभ लेने वालो देश के करोड़ों गरीबों की बात हो या किसी छात्र की, जो ऑनलाइन क्लासेस के जरिए अपनी पढ़ाई कर रहा है, सबके लिए किफायती दरों पर इंटरनेट और कॉल सेवाओं का उपलब्ध होना जरूरी है।


जिओ कंपनी जिसने शुरुआती दौर में कम दामों पर सेवाएं देकर उपभोक्ताओं का विश्वास जीता, उसके बाद वो लगातार अपने टैरिफ के दामों में वृद्धि कर रही है जो उपभोक्ताओं के साथ क्रूर मजाक और अन्याय है। जिओ ने बाजार में प्रतिस्पर्धा के नाम पर दूसरे टेलीकॉम ऑपरेटरों को पीछे छोड़ने की कोशिश की और अब, जब अधिकांश लोग उनकी सेवाओं पर निर्भर हो चुके हैं, तो वह अपने दाम बढ़ाकर उन लोगों पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं।

जियो कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी बताएं क्या यह उचित है कि ऐसे समय में जब देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रही है, टेलीकॉम कंपनियां मुनाफाखोरी के नए तरीके अपना रही हैं? क्या यह न्याय है कि इंटरनेट जैसी बुनियादी सेवाओं को महंगा कर दिया जाए, जब डिजिटल इंडिया का सपना देखा जा रहा है?

आरवाईए जिओ और अन्य कंपनियों से इस बढ़े हुए दाम का पुरजोर विरोध करता है. और छात्र नौजवानों से अपील करता है हमें अपनी आवाज़ उठानी होगी ताकि कंपनियों को यह समझ में आए कि हम उपभोक्ता उनकी मनमानी को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम सरकार से भी मांग करते है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे और सुनिश्चित करे कि टेलीकॉम सेवाएं सभी के लिए सस्ती और सुलभ रहें।

हम एकजुट होकर इस अन्याय और लूट का विरोध करेंगे और तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक कि कंपनियां अपनी मनमानी न रोकें और आम लोगो के हित में काम न करें।

इंकलाबी नौजवान सभा के इस प्रदर्शन को राज्यभर में जनता का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ। छात्र-नौजवानों, श्रमिकों और कई सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे पर अपनी एकजुटता दिखाई। आरवाईए के प्रमुख नेताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आने वाले समय में वे आंदोलन को और भी बड़ा रूप देंगे और राज्यभर में अन्य टेलीकॉम स्टोर्स और उनके दफ्तरों का घेराव करेगी।




We are deeply saddened by the demise of the general secretary of CPIM , comrade Sitaram Yechury. Comrade Sitaram was an alumnus of JNU, and served as General secretary of JNUSU during 1977-78. He played a pivotal role in organizing the left political orientation which has remained as a political cultural basis of the student movement in JNU till date.

In 1978, Yechury was elected as All-India Joint Secretary of SFI, and went on to become the All India President of SFI. He was the first president of SFI who was not from Kerala or Bengal.In 1984, he was elected to the Central Committee of the CPI(M). In 1985, the party constitution was modified, and a five-man central secretariat —Yechury, Prakash Karat, Sunil Moitra, P. Ramachandran and S. Ramachandran Pillai—was elected to work under the direction and control of the politburo.He was elected to the Politburo at the Fourteenth Congress in 1992 and as the fifth General Secretary of CPI(M) at the party's 21st party Congress in Visakhapatnam on 19 April 2015. He and politburo member S. Ramachandran Pillai were the frontrunners for the post but the former was unanimously chosen after Pillai chose to withdraw. He succeeded Prakash Karat, who had held the post for three consecutive terms, from 2005 to 2015. He was elected for a third term as General Secretary of CPI(M) at the 23rd Party Congress held at Kannur, Kerala in April 2022.

His death is a great loss for the left movement in India. Comrade Yechury will be remembered in every struggle against fascism, corporate plunder, and every kind of oppression by the Indian ruling classes.

**Long live Comrade, Sitaram Yechury!**

# नौजवानों के सामने चुनौतियाँ और मार्क्सवाद विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला

**सुनील मौर्य**



इंकलाबी नौजवान सभा आरवाईए की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला 7 - 8 सितंबर चमन वाटिका बस्ती में हुई. कार्यशाला के पहले सत्र में मार्क्सवाद विषय पर चर्चा हुई. जिसमें प्रशिक्षक भाकपा माले के राज्य स्थाई समिति के सदस्य कामरेड ओमप्रकाश सिंह ने अपनी बात रखी. उन्होंने बताया कि मार्क्सवाद जड़ता का सिद्धांत नहीं है यह निरंतर गतिमान है. उन्होंने द्वंदात्मक भौतिकवाद और ऐतिहासिक भौतिकवाद पर विस्तार से बातचीत की और बताया कि मार्क्सवाद की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि चेतना से पदार्थ का निर्माण नहीं होता बल्कि पदार्थ से चेतना बनती है और निरंतर विकसित होती है. इसे वैज्ञानिक सिद्धांत के बतौर जाना जाता है.

दूसरे सत्र में ‘ युवा आंदोलन चुनौतियां और संभावनाएं ’ विषय पर चर्चा में जन संस्कृति मंच के महासचिव कॉमरेड मनोज सिंह और कॉमरेड अशोक चौधरी ने हिस्सा लिया. कॉमरेड मनोज सिंह ने कहा कि अपने देश और दुनिया में युवा को उम्र से परिभाषित किया जाता है लेकिन हम शहीदे आजम भगत सिंह की बात को मानते हैं जिन्होंने कहा था युवावस्था मानव जीवन का वसन्तकाल है । युवा वह है जिसमें उत्साह, उमंग और कुछ नया करने का जज्बा हिलोरे लेता है, जिसमें अन्याय के खिलाफ लड़ने का हौसला है और जो बेहतर जीवन का सपना संजोता है।

उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में सबसे नौजवान देश भारत है क्योंकि देश में 15-19 वर्ष की आयु की आबादी 27.2 फीसदी है। हर चौथा भारतीय युवा है। पिछले तीन दशक जनसंख्या के लिहाज से नौजवानों के रहे। वर्ष 1991 में देश में 22 करोड़ युवा थे जो 2011 में 33 करोड़ हो गए। इस वक्त युवाओं की आबादी 37.14 करोड़ है। अब युवा आबादी कम होने लगी है क्योंकि उनकी वृद्धि दर कम हो रही है। अगले दो दशक में युवा जनसंख्या वृद्धि 27.2 फीसदी से कम होते हुए 20236 तक 22.7 तक पहुंच जाएगी। फिर भी 2036 तक देश में युवाओं की संख्या 34.5 करोड़ होगी।

लेकिन इस दौरान इतनी बड़ी युवा आबादी की शक्ति, उर्जा को उपयोग देश के लिए नहीं हो पाया क्योंकि देश के हुक्मरान युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार का इंतजाम नहीं कर सके। आज उच्च शिक्षा में ग्रास इनरोलमेंट रेट सिर्फ 27.1 फीसदी है जिसे अब 50 फीसदी (महिलाओं के लिए 30 फीसदी) करने की बात कही जा रही है लेकिन सवाल उठता है कि यह 100 फीसदी क्यों नहीं होना चाहिए ? और ये अब तक क्यों नहीं हो सका ? इसकी वजह क्या है ? क्या जिस तरह की नीतियां सरकार बना रही है उससे आने वाले दिनों में यह लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा ?

इसका जवाब नहीं है क्योंकि अभी भी शिक्षा का बजट जीडीपी का बमुश्किल एक फीसदी ही है। पिछले दस वर्ष की मोदी सरकार में शिक्षा के बजट बढ़ा नहीं है बल्कि इसमें परोक्ष कटौती की गयी है। ऐसे में उच्च शिक्षा में सबको गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी दिवास्वप्न के सिवाय और कुछ नहीं है।
मोदी सरकार द्वारा बनायी गयी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति , शिक्षा के कार्पोरेटाइजेशन और भगवाकरण की नीति के सिवाय और कुछ नहीं है। शिक्षा का कार्पोरेटाइजेशन शिक्षा से गरीब-कमजोर लोगों को और अधिक वंचित कर रहा है। आज देश में सरकारी विश्वविद्यालयों से दूना प्राइवेट विश्वविद्यालय स्थापित करवाए जा रहे हैं जहां देश की गरीब युवा पढ़ने के बारे में सोच भी नहीं सकते। सरकारी विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में भी पढाई महंगी कर देश के सामान्य लोगों के घरों के युवाओं को शिक्षा से वंचित करने की ही साजिश रची जा रही है।
नई शिक्षा नीति देश की विविधता को नजरअंदाज कर उसका अति केन्द्रीयकरण किया जा रहा है। शिक्षा को पहले राज्य विषय से समवर्ती सूची में लाया गया और केन्द्र इस पर पूरा एकाधिकार जमा रहा है। नई शिक्षा नीति 2020 शिक्षा क्षेत्र में केंद्र के हस्तक्षेप को विस्तृत करने की ही योजना है। प्रवेश परीक्षाओं के लिए केन्द्रीय संस्था बनाना, शिक्षकों के योग्यता के लिए केन्द्रीकृत पाठ्यक्रम सहित तमाम ऐसे उपाय किए जा रहे हैं जो देश की विविधता और सामाजिक न्याय के पहलुओं को कमजोर करता हैं। प्रवेश परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, अपारदर्शिता, मनमानापन नए-नए कीर्तिमान बना रही है।

उन्होंने कहा कि जब देश युवा हो रहा था तभी युवाओं के बारे में एक ठोस नीति बनाने की जरूरत थी लेकिन 1985 तक युवाओं के बारे में अलग से सोचा ही नहीं गया। 1985 में पहली बार युवा मामले व खेलकूद का विभाग बना। तीन वर्ष बाद 1988 में राष्ट्रीय युवा नीति बनी जिसमें युवाओं के अवसर बढ़ाने, उनकी क्षमता का विकास करने और उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए जरूरी उपाय करने की बात कही गयी। वर्ष 1996 में युवाओं के लिए 2020 तक नेशनल पर्सपेक्टिव प्लान बना। फिर 2003 में युवाओं की आयु 13-35 वर्ष मानते हुए राष्ट्रीय युवा नीति बनी जिसमें युआओं के आल राउंड डेवलपमेंट की बात कही गयी। ग्यारह वर्ष बाद 2014 में फिर नई राष्ट्रीय युवा नीति बनी जिसमें युवाओं की आयु 15-29 मानते हुए उनके लिए होलिस्टिक विजन का सपना दिखाया गया लेकिन मौजूदा निजाम का होलिस्टिक विजन दरअसल युवाओं को कुशल मजदूर और स्वरोजगारी के अलावा और किसी रूप में देख ही नहीं पाता। सात वर्ष बाद प्रस्तावति नई राष्टीय युवा नीति 2021 लच्छेदार



भाषा में (अनलॉक द पोंटेशियल आफ द यूथ टू एडवांस इंडिया) अपने इसी विजन को रखता है। भाजपा का 2024 का चुनावी घोषणा पत्र भी इसी की मुनादी करता है कि ‘ पीएम मुद्रा योजना के जरिए युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के लिए ऋण देने, पीएम कौशल विकास योजना के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण ’ दिया गया। यहां पर केन्द्र व राज्यों में खाली पदों को भरने की कोई बात नहीं की गई है।

इन्हीं नीतियों के कारण आज युवा भारत बेरोजगार भारत बन गया है। अन्तर राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि भारत में 29 फीसदी यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट बेरोजगार हैं। देश के बेरोजगारों में 80 फीसदी युवा हैं। वर्ष 2000 में युवाओं में बेरोजगारी 35.2 फीसदी थी जो 2022 में बढ़कर 65.7 फीसदी हो गयी। हर वर्ष 70 से 80 लाख युवा रोजगार की लाइन में खड़े हो रहे हैं। अगले दस वर्ष में आठ से दस करोड़ लोग रोजगार के लिए इंतजार करते मिलेंगे। आईएलओ बढ़ती बेरोजगारी के साथ-साथ रोजगार की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाता है और कहता है कि बहुत कम मजदूरी वेतन मानदेय पर लोग काम करने को विवश हैं। रोजगार देने वाले 90 फीसदी अनौपचारिक हैं। पूंजी उत्पादन के बजाय सेवा क्षेत्र में लग रही है। कृषि क्षेत्र में रोजगार घट रहा है। आज कृषि क्षेत्र में रोजगार 60 फीसदी से घटकर 40 फीसदी ही रह गया है। श्रम बल भागीदारी गिर रही है, बेरोजगारी की दर बढ़ रही है।

उन्होंने राजनीति में भी युवाओं के हिस्सेदारी पर बात करते हुए बताया कि लोकसभा सदस्यों की औसत उम्र 55 वर्ष और राज्यसभा की औसत उम्र 65 वर्ष है। इसी गर्मियों में हुए लोकसभा चुनाव में कुल 97 करोड़ में 29 वर्ष तक के युवा मतदाताओं की संख्या 21 करोड़ से अधिक थी। एक तरफ प्रधानमंत्री लाल किले से भाषण में कहते हैं कि एक लाख युवाओं को राजनीति में लाना है लेकिन वे और उनकी पार्टी अब तक यह जवाब नहीं दे सकी है कि यूनिवर्सिटी व कालेज में छात्र संघ का चुनाव प्रतिबंधित कर और हर तरह की छात्र गतिविधियों पर रोक लगाकर वे किस तरह से राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना चाहते हैं। वे यह तो चाहते हैं कि शाखा में युवा आएं लेकिन कैम्पस में वे अपनी बात न कहें और न कोई संगठन बनाएं। शिक्षा परिसरों में युवाओं की आवाज को किस तरह से इस दौर में कुचला गया है , सभी जानते हैं।

मनोज सिंह ने कहा कि किसी भी देश के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि जिस देश में सबसे अधिक युवा हैं , वही देश दुनिया में सबसे अधिक युवा आत्महत्या वाला देश बन जाए। देश में आत्महत्या के सभी मामलों में 40 फीसदी आत्महत्या के केस 30 वर्ष से कम आयु के लोगों के हैं। युवाओं की आत्महत्या वैश्विक औसत से दोगुनी है। वर्ष 2014 से युवा आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। युवा आत्महत्या के ज्यादातर मामले बेरोजगारी के कारण है।

दो वर्ष पहले मोदी सरकार ने संसद में बताया था कि 2018 से 2020 तक 9,140 लोगों ने आत्महत्या की है। साल 2018 में 2,741, 2019 में 2,851 और 2020 में 3,548 लोगों ने बेरोजगारी की वजह से आत्महत्या की है। 2014 की तुलना में 2020 में बेरोजगारी की वजह से आत्महत्या के मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

आईसी-3 सम्मेलन में पेश की गई एक रिपोर्ट में कहा गया कि देश में छात्र आत्महत्या महामारी बन गई है। देश में छात्र आत्महत्या चार फीसद बढ़ी है जो कुल आत्महत्या में दो फीसदी की वृद्धि से दो गुनी है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में छात्र आत्महत्या के केस सबसे अधिक सामने आए हैं।

उन्होंने देश में बढ़ती असामनता, अमीरपरस्त नीतियां, सरकारों की बढ़ती फिजूलखर्ची का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश में युवा असंतोष बढ़ रहा है। युवा असंतोष की अभिव्यक्ति विभिन्न तरीकों से व्यक्त हो रही है। हाल के लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी के सवाल पर युवाओं का असंतोष मोदी सरकार के खिलाफ व्यक्त हुआ। इसके पहले बिहार और यूपी के चुनाव में भी बेरोजगारी के मुद्दें पर युवाओं की आवाज मुखर हुई।

उन्होंने आजादी की लड़ाई से लेकर अब तक के युवा आंदोलनों की चर्चा करते हुए कहा कि आज जरूरत है कि हम युवाओं को संगठित कर देश के भविष्य और सपने को मृत्युग्रस्त बनाने वाली ताकतों के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक बनाएं।

इस दौरान आए सवालों पर बातचीत करने के लिए कामरेड अशोक चौधरी और ओमप्रकाश सिंह ने भी हस्तक्षेप किया जिसमें प्रमुख सवाल के बतौर युवा आंदोलन को संगठित करने में शिक्षित बेरोजगार नौजवानों के अलावा शिक्षा से भी वंचित नौजवान जो गांव में बड़े पैमाने पर रहते हैं या शहरों में जाकर मजदूरी करते हैं उनकी चिंताओं और उनको संगठित करने में आ रही समस्याओं पर चर्चा हुई.

तीसरे सत्र में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई और संगठन की स्थिति पर बात हुई . जिसमें 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले पर प्रमुख रूप से अभियान चलाते हुए बड़े आंदोलन संगठित करने की योजना बनी. जिसमें 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाला पर हाईकोर्ट के फैसले को शीघ्र लागू करने,दोषियों को सजा देने, आरक्षण घोटाले से हुए लगभग ₹5000 करोड़ नुकसान की भरपाई करने, इस घोटाले के जिम्मेवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस्तीफे की मांग प्रमुख है।

# भगत सिंह के सपनों का देश बनाने के संकल्प के साथ "युवा दावेदारी मार्च" में नौजवानों की उत्साहजनक भागीदारी

**वतन कुमार**

इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) द्वारा देशव्यापी आह्वान पर 28 सितंबर 2024 को शहीद- ए - आज़म भगत सिंह की 117वीं जन्मदिन पर "युवा दावेदारी मार्च" का आयोजन किया गया। यह मार्च बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, बंगाल,असम, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, तमिलनाडु, सहित भारत के कई अन्य राज्यों और शहरों में आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं ने इन जुलूसों में भाग लिया इस अवसर पर भगत सिंह के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर जगह- जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया. झारखंड के बगोदर में सभा को संबोधित करते हुए इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार ने कहा कि आज देशभर में नौजवान भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए संगठित हो रहे हैं। आज के दिन आरवाईए देश भर में युवा दावेदारी मार्च आयोजित कर रहा है।

सत्ता में बैठे भाजपा आरएसएस द्वारा आज भगत सिंह के सपनों व विचारों पर हमले किए जा रहे हैं। नौजवानों के सामने सांप्रदायिक नफरत परोसा जा रहा है। नीरज कुमार ने आगे कहा देश के युवा इस बात पर एकमत हैं कि आज देश में जो हालात हैं, वे न केवल युवाओं के भविष्य के खिलाफ़ हैं, बल्कि भगत सिंह के सपनों के भी विरोधी हैं।

भगत सिंह ने जिस समाज की कल्पना की थी, वह शोषणमुक्त, समतामूलक, और न्यायपूर्ण समाज था। वे सांप्रदायिकता और विभाजन की राजनीति के कट्टर विरोधी थे। उनका मानना था कि केवल राजनीतिक आज़ादी पर्याप्त नहीं है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता भी आवश्यक है। उन्होंने साम्राज्यवाद, पूंजीवाद, और धार्मिक कट्टरता का कड़ा विरोध किया। आज हम स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में प्रवेश कर चुके है अब हमे यह मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या भगत सिंह और उनके साथियों ने जिस भारत का सपना देखे थे क्या वैसा देश का निर्माण हो पाया है ?

हमारे देश में युवा सबसे बड़ी जनसंख्या समूह है, फिर भी उन्हें नजर अंदाज किया जा रहा है। वर्तमान सरकार रोजगार के मुद्दे पर पूरी तरह से विफल रही है आज देश के युवाओं के सामने बेरोजगारी की गंभीर समस्या है।

सरकारी नौकरियों में कटौती हो रही है, निजीकरण और ठेका प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह वही पूंजीवादी नीतियाँ हैं, जिनका भगत सिंह ने अपने समय में विरोध किया था। उन्होंने एक ऐसे समाज का सपना देखा था जहाँ हर व्यक्ति को उसके श्रम का सही मूल्य मिले, और किसी के साथ अन्याय न हो। परंतु आज की मोदी सरकार इन्हीं नीतियों को और भी प्रखर रूप से लागू कर रही है, जिससे देश के युवाओं और गरीबों पर अत्याचार बढ़ता जा रहा है।

देश में एक तरफ बेरोजगारों की फौज खड़ी की जा रही है दूसरी तरफ सांप्रदायिकता का ज़हर समाज में फैलाया जा रहा है। धर्म के नाम पर नफरत की राजनीति हो रही है। भगत सिंह ने धर्म को व्यक्तिगत विषय माना था, न कि राजनीतिक हथकंडा। परंतु आज की सरकार धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रही है। हमें इस विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ़ खड़ा होना होगा।

दिल्ली के खोड़ा में "युवा दावेदारी सभा" को संबोधित करते हुए भाकपा माले सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा की भगत सिंह के सपने को साकार करने की दिशा में इंकलाबी नौजवान सभा लगातार अभियान और आंदोलन चला रहा है इसे और तेज करने की जरूरत है क्योंकि इसी रास्ते एक समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष, और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण संभव है। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जहाँ कोई भी भूखा न सोए, जहाँ हर युवा को उसकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिले, और जहाँ किसी को भी उसकी जाति, धर्म, लिंग या वर्ग के आधार पर भेदभाव का सामना न करना पड़े।

इसलिए भगत सिंह के विचारों को सिर्फ शब्दों में ना बांध कर उन्हें अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। हमें अपने अंदर की आग को जलाए रखना है और इस लड़ाई को तब तक जारी रखना है जब तक हम भगत सिंह के सपनों का भारत नहीं बना लेते जिसके लिए हमें अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा, सड़कों पर उतरना होगा, और सरकार की जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करना होगा।

आरवाईए के "युवा दावेदारी मार्च" में भाग लेने वाले युवाओं ने अपनी निराशा और असंतोष खुलकर व्यक्त किया। उनका कहना था कि उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा है और जो रोजगार मिल रहे हैं, वे ठेके वाले अस्थायी और कम वेतन वाले हैं। शिक्षा की बढ़ती लागत ने भी उन्हें गहरा प्रभावित किया है, जिससे उच्च शिक्षा का सपना दूर होता जा रहा है।













मार्च में शामिल विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों ने कहा प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक होना न केवल हमारी मेहनत का अपमान है, बल्कि यह भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता की गहरी समस्या को उजागर करता है। हर साल लाखों युवा कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ इन परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक होने की घटनाओं से उनकी उम्मीदें और सपने टूट जाते हैं।

सरकार और संबंधित एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष हो। यदि ऐसे कृत्यों पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह न केवल युवाओं का विश्वास तोड़ेगा, बल्कि देश के भविष्य को भी प्रभावित करेगा। अब समय आ गया है कि प्रशासन सख्त कदम उठाए और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करे। हम अपने अधिकारों के लिए भगत सिंह के दिखाए गए रास्तों पर चलकर संघर्ष करेंगे और इस अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।

आरवाईए ने इस "युवा दावेदारी मार्च" के माध्यम से केंद्र सरकार से रोजगार गारंटी अधिनियम कानून बनाने, सभी विभागों के रिक्तियों को शीघ्र भरने, नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने, अनुसूचित जाति, जनजाति, और पिछड़े वर्गों की आरक्षण की रक्षा और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की मांग की.

इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) द्वारा आयोजित देशव्यापी "युवा दावेदारी मार्च" में नौजवानों की उत्साहजनक भागीदारी ने स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं के मुद्दे अब नजरअंदाज नहीं किए जा सकते। यह मार्च एक चेतावनी है कि अगर युवाओं की मांगों को जल्द नहीं माना गया, तो यह एक व्यापक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप लेगी।

Published by Revolutionary Youth Association

सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है
देखना है ज़ोर कितना बाज़ू-ए-क़ातिल में है

ऐ शहीद-ए-मुल्क-ओ-मिल्लत मैं तिरे ऊपर निसार
ले तिरी हिम्मत का चर्चा ग़ैर की महफ़िल में है

वाए क़िस्मत पाँव की ऐ ज़ोफ़ कुछ चलती नहीं
कारवाँ अपना अभी तक पहली ही मंज़िल में है

रहरव-ए-राह-ए-मोहब्बत रह न जाना राह में
लज़्ज़त-ए-सहरा-नवर्दी दूरी-ए-मंज़िल में है

शौक़ से राह-ए-मोहब्बत की मुसीबत झेल ले
इक ख़ुशी का राज़ पिन्हाँ जादा-ए-मंज़िल में है

आज फिर मक़्तल में क़ातिल कह रहा है बार बार
आएँ वो शौक़-ए-शहादत जिन के जिन के दिल में है

मरने वालो आओ अब गर्दन कटाओ शौक़ से
ये ग़नीमत वक़्त है ख़ंजर कफ़-ए-क़ातिल में है

माने-ए-इज़हार तुम को है हया, हम को अदब
कुछ तुम्हारे दिल के अंदर कुछ हमारे दिल में है

मय-कदा सुनसान ख़ुम उल्टे पड़े हैं जाम चूर
सर-निगूँ बैठा है साक़ी जो तिरी महफ़िल में है

वक़्त आने दे दिखा देंगे तुझे ऐ आसमाँ
हम अभी से क्यूँ बताएँ क्या हमारे दिल में है

अब न अगले वलवले हैं और न वो अरमाँ की भीड़
सिर्फ़ मिट जाने की इक हसरत दिल-ए-'बिस्मिल' में है



Email: ryahqofficial@gmail.com
ADDRESS: CHARU BHAWAN, U-90, SHAKARPUR, DELHI 110092
RYAindia RYAindia_official RYA
WWW.RYAINDIA.NET